कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी,वन एवं वन्य जीव प्रभाग,बरेली।

पत्रांक 602 /14– 1,बरेली,दिनांक, 04 ~~जुलाई~~ अगस्त, 2022।

सेवा में,

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
वन एवं वन्य जीव, बरेली वृत्त,बरेली।

बिषयः– जनपद बरेली में चौबारी से एच0पी0सी0एल0 सी0जी0एस0 स्टेशन तक (बरेली–बदायूँ कैण्ट मार्ग कुल 316 मी0 भूमिगत गैस पाईप लाईन बिछाने हेतु 0.0316 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक शून्य वृक्षों के पातन की अनुमति सम्बन्धी।
(Online Proposal No. FP/UP/Pipeline/153250/2022)

महोदय,

गेल इण्डिया लि0 के स्तर से जनपद बरेली में चौबारी से एच0पी0सी0एल0 सी0जी0एस0 स्टेशन तक (बरेली–बदायूँ कैण्ट मार्ग कुल 316 मी0 भूमिगत गैस पाईप लाईन बिछाने हेतु 0.0316 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक शून्य वृक्षों के पातन की अनुमति सम्बन्धी प्रस्ताव ऑन लाईन/ऑफलाईन प्राप्त हुआ है।

वन **(संरक्षण)** अधिनियम–1980 के अन्तर्गत **0.0316** हे0 हेक्टर संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग हेतु प्रस्ताव **04 मूल प्रतियों** में सहमति सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। इस परियोजना से इस वन प्रभाग के अन्तर्गत किसी प्रकार का वन्य जीव प्रभावित नही होगा। कृपया विषयक प्रस्ताव मुख्य वनसंरक्षक/नोडल अधिकारी,उत्तर प्रदेश, लखनऊ को अग्रेषित करने की कृपा करे।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के पत्रांक 5–3/2011–एफ0सी0(Vol-1), दिनांक 06.01.2022 द्वारा एन0पी0वी0 से छूट प्रदान की गयी है एवं पत्रांक एफ0सी0–11/165/2019–एफ0सी0, दिनांक 27.07.2020 द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण से भी छूट प्रदान की गयी है। तदक्रम में प्रस्तावित वन भूमि के शुद्ध वर्तमान मूल्य की गणना एवं क्षतिपूकर वृक्षारोपण प्राक्कलन प्रस्ताव अन्तर्गत संलग्न नहीं किया गया है।

**प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि जनपद बरेली में चौबारी से एच0पी0सी0एल0 सी0जी0एस0 स्टेशन तक (बरेली–बदायूँ कैण्ट मार्ग कुल 316 मी0 भूमिगत गैस पाईप लाईन बिछाने हेतु 0.0316 हे0 संरक्षित वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक शून्य वृक्षों के पातन की अनुमति सम्बन्धी प्रस्ताव का अधोहस्ताक्षरी द्वारा भली–भाँति परीक्षण कर लिया गया है तथा यह प्रस्ताव वन (संरक्षण) अधिनियम–1980 के अन्तर्गत निर्गत आदेशों व दिशा निर्देशों के अनुरूप है तथा प्रस्ताव में समस्त वॉछित अभिलेख/सूचनायें संलग्न है।

**संलग्नकः– प्रस्ताव की 4 मूल प्रतियाँ ।**

भवदीय,

**( समीर कुमार )**
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

पत्रांक /14–1,दिनांकित।

प्रतिलिपि मुख्य प्रबन्धक, गेल (इण्डिया) लि0, एच0वी0जे0, कम्प्रेसर स्टेशन, विबियापुर, पोस्ट–विवियापुर,जिला औरैया, उ0प्र0–206244 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**( समीर कुमार )**
प्रभागीय वनाधिकारी
वन एवं वन्य जीव प्रभाग, बरेली।

( F/-( Surveyor सर्वेयर ) FLT/Gail India Chaubari - Atv)